हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 23 जुलाई 2026



# तीन दिन में चार इंच बारिश से नदी-नाले लबालब, खेती को भी मिली संजीवनी

## सभी बांध और जलाशयों में भी जलभराव बढ़ा, तापमान में भी गिरावट से लोगों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंचल सहित प्रदेशभर में मानसून के एक्टिव होने से पूरे राज्य में झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया है। बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम लो प्रेशर के प्रभाव से सभी संभाग के कई हिस्सों में लगातार भारी बारिश हो रही है। जिससे नदी-नाले उफान पर हैं।

इधर बंगाल की खाड़ी में सक्रिय सिस्टम की वजह से अंचल में एक बार फिर मानसून सक्रिय नजर आ रहा है। जुलाई महीने के दूसरे एवं तीसरे सप्ताह में मानसून ब्रेक की स्थिति के बाद पिछले तीन दिन से बेहतर बारिश देखने को मिली है। पिछले महज 72 घंटे के दौरान ही जिले में चार इंच बारिश दर्ज की गई है। जिससे न केवल खेती के लिए किसानों को राहत मिली है, बल्कि जिले के सभी नदी-नाले और जलाशयों में जलभराव का स्तर भी बढ़ा है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले कुछ दिन ऐसे ही हालत बने रहेंगे। छत्तीसगढ़ में मौसम विभाग ने आज भी कई जिलों में भारी बारिश, गरज-चमक और बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया है। पूरे प्रदेश में अगले 5 दिनों तक मानसून सक्रिय रहने का अनुमान है। राजनांदगांव जिले में सोमवार रात से लगातार बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-चौकी जिले सहित खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के लिए भी पिछले दो दिनों के दरमियान कई दफा येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया। ज्ञात हो कि मौसम विभाग जिलेवार अगले 3 से 6 घंटे को लेकर अलर्ट जारी कर रहा है।

### बारिश का दौर रहेगा जारी

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक फिलहाल प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती है। भारी बारिश का दायरा सीमित रहने की संभावना है। अगले कुछ दिनों तक बारिश की गतिविधियों में थोड़ी कमी आ सकती है। हालांकि इसके बाद बंगाल की खाड़ी में एक नया मौसम तंत्र बनने के संकेत हैं।

### खास बातें

- नांदगांव जिले में सामान्य से 5% कम बारिश
- बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर के चलते अंचल में हो रही बारिश



### वनांचल जिला अब भी पीछे

प्रशासन द्वारा जारी आंकड़े के अनुसार बुधवार तक राजनांदगांव जिले में 362 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है, जो सामान्य से महज छह फीसदी ही कम है। वहीं मोहला-मानपुर-चौकी जिले में अब तक 266 मिमी बारिश हुई है। यह सामान्य से लगभग 47 फीसदी पीछे है। ऐसे ही खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में बुधवार तक 293 मिमी बारिश देखने को मिली, जो सामान्य से सात प्रतिशत कम है।

## समितियों में खाद महंगा होने से किसानों पर मार, निजी में भी मनमानी

# खेती के बीच सीजन एनपीके और पोटाश की कीमत में 40% इजाफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मानसून की अच्छी बारिश से धान और अन्य फसलों को मिली राहत के बाद अब खाद की बढ़ती कीमतों ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। खरीफ सीजन के ठीक बीच में एनपीके और पोटाश जैसे प्रमुख उर्वरकों की दरों में अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी कर दी गई है। बारिश के शुरूआती झोंकों के बाद खेतों में निंदाई और छिड़काव का काम जोर पकड़ चुका है, लेकिन ठीक इसी समय खाद के दामों में हुए इजाफे ने किसानों का कृषि बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है। हालत यह है कि एनपीके और पोटाश जैसी खाद में 300 से लेकर 500 रुपए तक की बढ़ोत्तरी कर दी गई है।

उल्लेखनीय है कि इस खरीफ सीजन की शुरूआत में ही सहकारी समितियों में आवश्यकता के अनुरूप रासायनिक खाद उपलब्ध नहीं हो सका। हालत यह रही कि लगातार दस्तक देने के बावजूद समितियों में समय पर पर्याप्त यूरिया, डीएपी और एनपीके न मिलने के कारण किसानों को अपनी फसलों को बचाने के लिए मजबूरी में निजी दुकानों का रूख करना पड़ा। निजी दुकानदारों ने शुरूआती दौर से ही ऊंचे दामों पर खाद बेचा और अब आधिकारिक रूप से कीमतों में वृद्धि हो जाने से किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ आ पड़ा है। किसानों का कहना है कि पहले ही जहां अल्पवर्षा से खेती में दिक्कतें आ रही थी। वहीं इस बार खाद की समस्या ने भी उनको काफी परेशान किया।

### खाद की पुरानी व नई दरें

लगभग एक सप्ताह पहले ही खाद के दामों में बदलाव देखने को मिला है, जिससे किसान चिंतित है। मिली जानकारी के अनुसार एनपीके का पुराना दाम 1,250 था, जो अब बढ़कर 2,100 हो गया है। पोटाश की कीमत 1,590 से बढ़कर 1,975 पहुंच गई है। वहीं डीएपी का दाम 1,350 तथा यूरिया का दाम 266.50 पर ही स्थिर रखा गया है। हालांकि बाकी खाद के दाम बढ़ने से किसानों की खेती की लागत में जरुर इजाफा देखने को मिला है।



### खरीफ सीजन के बीच में मार क्यों पड़ी

बारिश के बाद फसलों में छंटाई और पोषण देने का यह सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। सीजन की शुरूआत में तय किए गए बजट से अधिक खर्च होने के कारण किसान मुश्किल में हैं। समितियों में स्टॉक की कमी के चलते किसानों को खुले बाजार से महंगा खाद खरीदने पर मजबूर होना पड़ रहा है। किसान चाहते हैं कि सहकारी समितियों में उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और एनपीके व पोटाश के बढ़ाए गए दामों को तत्काल वापस लिया जाए। साथ ही कालाबाजारी करने वाले निजी विक्रेताओं पर सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की मांग भी की गई है।

### दोहरी मार से जूझता अन्नदाता

खेती-किसानी के वर्तमान दौर में एक तरफ जहां लगातार बदलते मौसम और कीट-व्याधि का खतरा बना रहता है। वहीं दूसरी तरफ उत्पादन लागत का लगातार बढ़ना कृषि को घाटे का सौदा बना रहा है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि सोसायटियों में तुरंत पर्याप्त मात्रा में पुरानी दरों पर खाद की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा अचानक बढ़ाए गए दामों पर अंकुश लगाया जाए। जिससे अन्नदाता को इस आर्थिक संकट से राहत मिल सके। ज्ञात हो अभी मानसून की झड़ी लगने के बाद किसानों को काफी राहत मिली है।

### लागत में उछाल से किसान परेशान

एनपीके खाद की बोरी में सीधे लगभग छह सौ रुपए तक की बड़ी वृद्धि दर्ज की गई है, जो लगभग 40% से अधिक की बढ़ोत्तरी को दर्शाती है। इसी प्रकार पोटाश के दामों में भी 385 प्रति बोरी का इजाफा हुआ है। यद्यपि डीएपी और यूरिया की कीमतें स्थिर रखी गई है, फिर भी जटिल उर्वरकों के महंगे होने से प्रति एकड़ कृषि लागत में भारी बढ़ोत्तरी हो गई है। डीजल, बीज और मजदूरी के बढ़ते खर्चों के बीच खाद के दामों में आई यह तेजी किसानों की वित्तीय गणित बिगाड़ रही है। वहीं दूसरी ओर निजी दुकनों में भी खाद बिक्री को लेकर मनमानी जारी है। किसानों का कहना है कि निजी दुकानदार डबल से तीन गुना दाम तक खाद के बदले वसूल रहे है।

# तीन साल के मासूम को स्कूल बस ने रौंदा, मौके पर ही मौत

## 3 घंटे तक चक्काजाम, चालक ने थाना में किया सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के खड़गांव थाना क्षेत्र अंतर्गत घोटिया गांव में आज सुबह एक स्कूली बस ने 3 साल के मासूम को कुचल डाला। घटनास्थल में ही मासूम का पूरा का पूरा सिर कुचला जाने से दर्दनाक मौत हो गई। मानपुर स्थित फ्लावर वैली स्कूल के खिलाफ हादसे के बाद 3 घंटे तक ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। प्रशासन की समझाइस के बाद ले देकर परिजन और ग्रामीण सड़क से उठे।

मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा उस वक्त हुआ, जब 3 वर्षीय युवानसी पिता धलेंद्र नरेटी अपने भाई को फ्लॉवर वैली इंग्लिश मीडियम स्कूल की बस तक छोड़ने परिजनों के साथ पीछे पीछे गई थी। इसी दौरान ड्राइवर ने बस को रिवर्स कर दिया। जिससे बस के पिछले चक्के में मासूम चपेट में आ गई। तीन साल की युवानसी नरेटी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद चालक बस में बैठे अन्य छात्रों को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया।

हालांकि आरोपी बस चालक मुजबिन खान घटनास्थल से फरार होकर मानपुर थाना में समर्पण कर दिया। इस हादसे के बाद गांव में मातम छा गया। आक्रोशित ग्रामीण और परिजनों ने शव सड़क पर रखकर 3 घंटे तक चक्काजाम कर दिया। मामले को लेकर स्थानीय लोगों में जमकर नाराजगी देखने को मिल रही है।

### घटना के बाद भारी बवाल

घटना के बाद भर्रीटोला मुख्य मार्ग पर 3 घंटे तक चक्काजाम किया गया। पुलिस अधिकारी और प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंच गई। इसके बाद स्कूल प्रबंधन की प्रतिनिधि भी गांव पहुंचे और ग्रामीणों से चर्चा की। मृतिका के परिजनों को पांच लाख रुपए का मुआवजे देने की मांग पर सहमति बनी। स्कूल प्रबंधन ने 2 महीने में मुआवजे के तौर पर 5 लाख रुपए देने का आश्वासन दिया है। इस मामले में स्थानीय पुलिस टीम ने स्कूल बस को खड़गांव थाना लाकर सुपुर्द किया।

### मुआवजा की मांग

जिले के एडिशनल एसपी डीसी पटेल ने मामले को लेकर कहा कि घटना को लेकर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इधर ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर दो महीने के भीतर मुआवजा नहीं दिया जाता है तो ग्रामीण स्कूल के सामने धरना-प्रदर्शन करेंगे।

## खबर संक्षेप

### बिजली तार की चोरी

**राजनांदगांव।** बाड़ी में रखे बिजली तार सहित अन्य उपकरणों को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। अन्य स्थान पर एक किराना दुकान में प्रवेश कर चोरों ने नगदी रकम चोरी कर ली। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। तुमडीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दिवान झिटिया स्थित एक किसान के बाड़ी में रखे बिजली तार एवं कार्य करने के अन्य उपकरणों को विगत रात्रि अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। जिसकी रिपोर्ट प्रार्थी शुभम ने दर्ज कराई है। पुलिस इस मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। चिल्हाटी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोरचाटोला मेन रोड के किनारे स्थित किराना दुकान में प्रवेश कर अज्ञात चोर ने गल्ले में रखे नगदी रकम लगभग 30000 रुपए को चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी गांधीराम ने दर्ज कराई है। पुलिस मामला दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## माय एंगल




# जिम्मेदार अनभिज्ञ...मवेशियों और वाहनों का प्रवेश रोकने खिलाड़ी बहा रहे पसीना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर की विरासत कहे जाने वाले म्युनिसिपल स्कूल के मैदान की इन दिनों जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते स्थिति बिगड़ती जा रही है। सालभर जहां गड्ढों की वजह से खिलाड़ियों को चोंट आने की शिकायतें सामने आती रही है। वहीं अब बारिश में मैदान के गीला होने पर वाहनों एवं मवेशियों के प्रवेश से मैदान की स्थिति बिगड़ने लगी है। खिलाड़ियों ने कई दफा जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन से बाउंड्रीवाल एवं गेट लगाने की मांग की है, लेकिन हर बार खिलाड़ियों को निराशा ही हाथ लगी। जिसके चलते अब उन्होंने स्वयं जिम्मेदारी उठाते हुए जुगाड़ से मैदान के आने-जाने वाले रास्ते को बंद किया है। जिससे मैदान की स्थिति को बिगड़ने से बचाया जा सके।





**32 लाख बर्बाद!** ज्ञात हो प्रशासन ने इस मैदान में घास लगाने के नाम पर 32 लाख रुपए की राशि खर्च की थी, लेकिन मैदान में घास लगने के बाद से ही अब तक उसकी कोई देखरेख नहीं की जा रही है। जिसके चलते मैदान हर गुजरते साल के साथ ही खराब हो रहा है।

# बोरतलाव घटना की जांच के लिए घटनास्थल का संयुक्त निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार ग्राम बोरतलाव में तीन बच्चों की डूबने से हुई मृत्यु की घटना की प्रशासनिक जांच के क्रम में अपर कलेक्टर सीएल मार्कण्डेय, डिप्टी कलेक्टर श्रीकांत कोराम, एसडीएम विश्वास कुमार, डिप्टी कलेक्टर एवं तहसीलदार अमीय श्रीवास्तव, थाना प्रभारी अवनीश श्रीवास, खनिज विभाग के खनिज निरीक्षक भरत बंजारे तथा शिक्षा विभाग के विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीनिवास मिश्रा ने ग्राम पंचायत के सरपंच, मृतक बच्चों के परिजनों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में घटनास्थल का संयुक्त निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उत्खनन स्थल, जलभराव की स्थिति, सुरक्षा व्यवस्थाओं तथा अन्य संबंधित परिस्थितियों का बारीकी से अवलोकन किया गया। साथ ही ठेकेदार द्वारा किए गए उत्खनन क्षेत्र का सीमांकन कराकर आवश्यक तथ्य एवं जानकारी एकत्रित की गई।

### कार्रवाई की तैयारी

मामाले की जांच के दौरान संबंधित विभागों से आवश्यक प्रतिवेदन एवं अभिलेख प्राप्त किए जा रहे हैं। उपलब्ध तथ्यों एवं अभिलेखों के आधार पर नियमानुसार विस्तृत जांच प्रतिवेदन तैयार किया जाएगा तथा जांच प्रतिवेदन के निष्कर्षों के अनुसार अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।




## प्रदेश में सबसे अधिक बच्चों का चयन जिले से, मिली बड़ी सफलता

# प्रयास विद्यालय में जिले के 91 बच्चों का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं हेतु प्रवेश के लिए परीक्षा में विद्यार्थियों का बेहद प्रदर्शन रहा है। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना के तहत जिले में संचालित प्रयास विद्यालयों में प्रवेश के लिए जिले को उपलब्धि हासिल हुई है। सामान्य जिला होने की श्रेणी में यहां सर्वाधिक 91 बच्चों का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय के लिए हुआ है।

प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए बच्चों ने अपनी खासी तैयारी की हुई थी। वहीं बच्चों की प्रवेश परीक्षा के लिए कलेक्टर जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों को अच्छी तैयारी कराई गई थी। जिसका परिणाम रहा कि यहां से सर्वाधिक 91 बच्चे चयनित होने में सफल रहे। बच्चों के प्रयास आवासीय विद्यालय में चयन को लेकर विकासखंड स्तरीय अधिकारियों, प्राचार्य और शिक्षकों सहित अभिभावकों में हर्ष है।

### पांच अगस्त तक काउंसलिंग

जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने बताया कि प्रयास आवासीय विद्यालय में सामान्य जिलों में सबसे ज्यादा चयन राजनांदगांव जिले से हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रवेश के लिए 22 जुलाई से 5 अगस्त तक काउंसलिंग की प्रक्रिया की जाएगी। विद्यार्थी अपने आवंटित आवासीय विद्यालय में सुबह 11 से शाम 5 बजे तक काउंसलिंग के लिए समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ पहुंच सकते हैं।




### अधिक बच्चों क चयन

प्रयास आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा में वर्ष 2025 में जिले से सिर्फ 24 बच्चे चयनित हुए थे। इस वर्ष 2026 में जिले से 91 छात्र-छात्राओं ने सफलता हासिल की है। राज्य के अन्य सामान्य जिलों की अपेक्षा यहां से सर्वाधिक 91 बच्चों का चयन हुआ है। वहीं बलौदाबाजार से 8, बेमेतरा से 18, बिलासपुर से 15, दुर्ग से 31, जांजगीर-चांपा से 22, कबीरधार से 70 एवं रायपुर से 33 बच्चों का चयन हुआ है।

### सुविधाओं से मिला मुकाम

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा जिले में प्रतियोगी परीक्षा हेतु डिजिटल प्लेटफार्म उपलब्ध कराने के लिए 25 स्मार्ट बोर्ड उपलब्ध कराया गया था। वहीं सोमनी में सितम्बर 2025 में जेईई और नीट की तैयारी हेतु ऑनलाइन कक्षाओं का शुभारंभ किया गया। इस प्रयास के पश्चात जिले में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग द्वारा करवाया गया। जिसका सुखद परिणाम जिले को लगातार प्राप्त हो रहा है।



## खबर संक्षेप

### लिलेश्वरी का प्रयास में चयन

**जेवरतला रोड।** पूर्व माध्यमिक शाला चेंदरी बन नवागाँव की छात्रा लिलेश्वरी साहू का प्रयास



आवासीय विद्यालय कांकेर में प्रवेश के लिए चयन हुआ है। शिक्षक अश्वनी देवांगन ने शाला समय के पश्चात और ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान प्रयास विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराते हैं जिनके प्रयास से बीते सात वर्षो में दस छात्र-छात्राओं का चयन हो चुका है। लिलेश्वरी को कोमलचंद आर्य, चन्द्रभूषण साहू, अश्वनी देवांगन, सन्नी देवांगन, चैतन्य देवांगन, चैनसिंह साहू, गोमती पटेल, रेखा धगेश, कविता ठाकुर, नामिका साहू, श्रवण साहू, नागेश साहू, ईश्वर ठाकुर आदि ने बधाई दी है।

### नेहा कंवर हुई चयनित



**चिचोला।** पूर्व माध्यमिक शाला गहिराभेड़ी की छात्रा नेहा कंवर का प्रयास विद्यालय की कक्षा 9वीं मे प्रवेश के लिए चयन हुआ है। नेहा पूर्व सरपंच केशरी बाई कंवर की पुत्री है। नेहा ने आठवी में ए प्लस ग्रेड हासिल किया था। प्रधान पाठक रामकुमार चन्द्रवंशी, वीरेन्द्र तिवारी, हरिश्चन्द्र कोल्यारे ने नेहा के घर जाकर सौजन्य भेंट किया तथा मिठाई खिलाकर बधाई दी।

### तीन छात्रों के चयन से हर्ष



**खड़गांव।** स्थानीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता का परिचय दिया है। प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए आयोजित परीक्षा में विद्यालय के तीन विद्यार्थियों ने सफलता हासिल किया है जिसमें मिनाली मंडावी आ फुलदास मंडावी, धीरज सलामे आ बोधनलाल सलामे एवं नैतिक गोटा आ दिलीप गोटा शामिल हैं। छात्रों की इस उपलब्धि से विद्यालय में हर्ष का माहौल है। प्राचार्य खेमलता दास, शाला समिति के अध्यक्ष एलेन्द्र त्रिपाठी, नीलिमा जैन, सईदा बेग़म आदि ने उन्हे बधाई दी है।

### स्वर्णकार समाज ने जताया आभार



**डोंगरगढ़।** स्वर्णकार सोनी समाज के सदस्यों ने पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे एवं पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा से मुलाकात कर अपनी मांगों से अवगत कराया। उनकी मांग को सहजता से पूरा किया गया जिसके लिए सोनी समाज अध्यक्ष सौमित्र सोनी ने आभार जताया है।

### छात्रों ने बढ़ाया खालसा स्कूल का गौरव



**डोंगरगढ़।** खालसा पब्लिक स्कूल के छात्रों ने मेडिकल एवं इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षा में अपना दबदबा बनाए रखा है। विद्यालय की पूर्व छात्रा नम्रता गंगबेर ने सफलता अर्जित कर शासकीय मेडिकल कॉलेज में प्रवेश लिया है। इसी प्रकार विद्यालय के जागृत अग्रवाल, अर्पितासिंह बैस, इशिता नाकतोड़े ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन छात्रों को सिख एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष सरदार हरजीत सिंग अरोरा सहित सदस्यों, प्राचार्य, शिक्षकों ने बधाई दी है।

### मरम्मत के बाद भी राहत नहीं, बच्चे हो रहे परेशान

# स्कूल में टपक रहा पानी, पढ़ाई चौपट

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

अनुभाग मुख्यालय से करीब एक किमी की दूरी पर पालिका के वार्ड में प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था का बेहद बुरा हाल है। शाला भवन के अधिकांश कमरों में बारिश का पानी टपकने से बच्चों का बैठना और पढ़ाई करना मुश्किल हो गया है।

प्राथमिक शाला मटिया में कहने को तो पांच कक्षाओं के लिए पांच कमरे हैं, किंतु पांच में तीन कमरे की छत से पानी टपक रहा है।

दीवारों से भी पानी का रिसाव हो रहा है। भवन के पीछे नींव की मिट्टी खिसक रही है। खाली जगहों पर सांप-बिच्छुओं ने अपना बसेरा बना लिया है और वह यदाकदा स्कूल तक भी पहुंच जाते हैं।



#### दो कमरे में बैठने की मजबूरी

जानकारी के अनुसार वर्तमान में बारिश होने के बाद शाला के तीन कमरे बच्चों को बैठने लायक नहीं बचे है। छत से लगातार पानी टपक कर कमरों में भर रहा है। बैठने के लिए जगह नहीं होने के बाद दो कमरे में पांच कक्षा के बच्चों को एक साथ बैठकर पढ़ाया जा रहा है।

#### किचन का भी बुरा हाल

मध्यान्ह भोजन के किचन शेड की स्थिति भी खराब है। इसकी छत से भी पानी टपककर राशन और लकड़ियों को भिगो रहा है जिससे योजना का संचालन करने वाले महिला समूह को दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है।

#### पालकों की बढ़ी चिंता

शाला भवन में जहां तहां पानी टपकने से बच्चे और शिक्षक तो परेशान है साथ ही पालकों की चिंता बढ़ने लगी है। शाला में पानी भरने की जानकारी मिलने के बाद पार्षद पुरुषोत्तम साहू सहित पालकों ने मंगलवार को स्कूल पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पालकों ने बताया कि छत से पानी टपकने की जानकारी मिलने के बाद विधायक दलेश्वर साहू ने ग्रामीणों की मांग पर 80 हजार की मंजूरी दी थी। मरम्मत के नाम केवल सीमेंट का घोल डालकर खानापूर्ति कर दिया गया। कथित मरम्मत के बाद स्थिति और भी ज्यादा खराब हो गई है।

# लाठीचार्ज और गिरफ्तारी के विरोध में पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

नीट पेपर लीक के विरोध में दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर कथित लाठीचार्ज और कांग्रेस नेताओं को हिरासत में लिए जाने के विरोध में कांग्रेसियों ने बुधवार को नगर में प्रदर्शन किया।

कांग्रेसजन एकत्रित होकर प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर विरोध-प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि दिल्ली में छात्रों के शांतिपूर्ण आंदोलन पर बल प्रयोग किया गया तथा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी सहित कई सांसदों और नेताओं को हिरासत में लिया गया, जिसके विरोध में यह प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व ब्लाक अध्यक्ष मुकेश सिन्हा ने किया। इस दौरान उदय राम साहू, साधना सिंह, रितेश मेश्राम, बेनीप्रसाद साहू, मनीष साहू, विकास लाउत्रे, मनोहर लाऊत्रे, अनिता कुर्रे, रज्जाक खान, अनीश कुरैशी, साहिर कुरैशी, शेख शोएब, दयालु मंडावी, अजयपाल सिंह आदि उपस्थित थे।

### प्रदर्शन में शामिल हुए विधायक बघेल



**डोंगरगढ़।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा के नेतृत्व में आयोजित चलो संसद कार्यक्रम में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल शामिल हुई। महिलाओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 लागू करने की मांग को लेकर अपनी आवाज बुलंद की। महिलाओं ने मार्च निकालकर महिला आरक्षण लागू करने, एससी,एसटी, ओबीसी महिलाओं को आरक्षण देने की मांग प्रमुखता से उठाया।

# मुख्यमंत्री जी, नल से आ रहा गंदा पानी, पीना हुआ मुश्किल

- पानी में गंदगी और बदबू आने से लोगों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

नगर को अब पालिका का दर्जा मिल गया। दावा किया गया कि शहरवासियों को अब बेहतर से बेहतर सुविधा मिलेगी, किंतु तस्वीर उलट नजर आ रही है। हालत यह है कि लोगों को पीने के लिए साफ पानी नहीं मिलने और स्थानीय प्रशासन की अनदेखी के बाद मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से गुहार लगाना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार शहर के विभिन्न वार्डों में बीते कई दिनों से मिट्टीयुक्त पानी आ रहा है। कई घरों में तो नाली का बदबूदार पानी पहुंचने से पीना तो दूर नहाने के लिए भी लोग उसका उपयोग करने से परहेज करने लगे है। यह समस्या अन्य वार्डों के साथ मंडल भाजपा अध्यक्ष दीना पटेल के वार्ड और घर में भी बनी हुई है। स्थानीय प्रशासन की हठधर्मिता के चलते भाजपा नेता भी समस्या का समाधान नहीं करा पा रहे हैं। गंदे और बदबूदार पानी को लेकर जब लोग शिकायत करने पहुंचते है तो लोक स्वास्थ्य विभाग के पाइप में लिकेज होना बताकर टरका दिया जाता है तो लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग इसके लिए नगर प्रशासन को जिम्मेदार ठहरा कर पल्ला झाड़ लेता है। कुल मिलाकर दो विभागों की लापरवाही का खामियाजा शहर के लोगों को इन दिनों भोगना पड़ रहा है।

#### बड़े बेबस हुए नेता

कभी अपने तीखे तेवर के लिए अलग पहचान रखने शहर में इन दिनों भाजपा- और कांग्रेस के जनप्रतिनिधि बड़े बेबस नजर आ रहे हैं। सत्तारूढ़ भाजपा के प्रभावशाली नेता किनारे हो गए है और जो पावर में होने का दिखावा कर रहे हैं उनकी भी हालत यह है कि उनकी मंत्री और अधिकारी नहीं सुन रहे हैं। वही कांग्रेस आगामी चुनाव में एंटी इंकमबेंसी का फायदा मिलने की उम्मीद में तमाशबीन बनी हुई है।

# मासूमों को भारी पड़ी लापरवाही

### बोरतलाव घटना के बाद कई विभागों की भूमिका पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

बोरतलाव क्षेत्र में 15 जुलाई को हुए दर्दनाक हादसे में तीन मासूम छात्रों की डूबने से मौत हो गई। इस घटना के बाद रेलवे, खनिज और शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में आ गई है। सबके मन में सवाल उठ रहा है कि दोषियों पर कब तक कार्रवाई होगी? देखने वाली बात यह कि कथित खनन करने वाले ठेकेदार, निर्माण की निगरानी करने वाले इंजीनियर, अवैध खुदाई की अनदेखी करने वाले खनिज विभाग पर क्या कार्रवाई होती है?

घटना के बाद राजू मंडावी ने थाने में दर्ज शिकायत में बताया है कि उसका पुत्र दानिश मंडावी, कृष मंडावी तथा हितेश कोकाटे बुधवार को रोज की तरह स्कूल गए थे। शाम तक घर नहीं लौटने पर खोजबीन की गई। रेलवे ठेकेदार द्वारा मुरूम के खनन बाद खुला छोड़े गए गड्ढे में तीनों बच्चों का शव बरामद हुआ। घटनास्थल के पास बच्चों के कपड़े और अन्य सामान भी मिले। जांच के दौरान यह जानकारी सामने आई कि घटना वाले दिन लगभग एक बजे तक बच्चों को अन्य बच्चों के साथ खेलते देखा गया था। घटना वाले दिन फेडरेशन के आह्वान पर सहायक शिक्षक एवं प्रधान पाठक सामूहिक अवकाश लेकर आंदोलन में भाग लेने रायपुर गए थे।

नियमानुसार शिक्षकों के सामूहिक अवकाश में रहने पर संकुल प्रभारी और बीईओ की जिम्मेदारी होती है कि वह विद्यालय का संचालन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करें। स्कूल बंद रखना अपरिहार्य हो तो इसकी सूचना पहले ही पालकों को दिया जाना था। अभिभावकों को समय रहते जानकारी मिल जाती, तो वह बच्चों को स्कूल नहीं भेजते और यह घटना टल जाती। बोरतलाव संकुल प्रभारी किशोर पंचभावे ने बताया कि फेडरेशन के आह्वान के कारण विद्यालय संचालन संभव नहीं हो पाया। वहीं बीईओ श्रीनिवास मिश्रा ने भी कहा कि सामूहिक अवकाश के कारण स्कूल बंद था। गौरतलब है कि शिक्षा विभाग द्वारा वर्ष 2025 में स्पष्ट निर्देश जारी किए थे कि अवकाश केवल स्कूल शिक्षा पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन और स्वीकृति के बाद ही मान्य होगा। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

#### मुक्तिधाम में शेड तक नहीं

श्री कोड़ापे ने बताया कि अंत्येष्टि बारिश के बीच खुले आसमान के नीचे किया गया। ग्राम में न तो मुक्तिधाम है और न कोई ऐसा शेड है जहां अंतिम संस्कार किया जा सके। वहीं शुक्रवार को महापौर मधुसूदन यादव, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी सहित अन्य ने शोकाकुल परिजनों से मुलाकातकर ढांढस बंधाया। श्री यादव ने परिजनों से मिलने के बाद कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी से बात प्रभावित परिवारों को सहायता राशि दिलाया। शिक्षा विभाग की ओर से 1-1 लाख की विद्यार्थी दुर्घटना बीमा राशि स्वीकृत कराई जाएगी। वहीं हादसे में मृत तीसरे बच्चे सार्थक कोकाटे के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि वह प्राइवेट स्कूल में पढ़ता था जिसके कारण वह दुर्घटना बीमा योजना के दायरे में नहीं आता। महापौर ने बताया कि सार्थक के परिवार के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राहत राशि मंजूर कर दी है। इस दौरान गिरवर साहू, बोधीराम साहू, जितेंद्र सिन्हा, अशोक साहू, कैलाश ऊके, देवेंद्र सुलाखे, सावन वर्मा, संजू बघेल, सतीश, डिलेश्वर साहू, अमित भाटिया सहित अन्य उपस्थित थे।

#### कई विभाग जांच के दायरे में

यह मामला केवल अवैध उत्खनन तक नहीं रह गया है, बल्कि शिक्षा विभाग भी जांच के दायरे में आ गया है। देखने वाली बात यह है कि जांच केवल ठेकेदार तक सीमित रहती हैं या फिर इंजीनियर, खनिज विभाग आदि शिक्षा विभाग तक पहुंचती है।

#### अनुदान स्वीकृत

तीन बच्चों की मृत्यु के बाद कलेक्टर जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतक के परिजनों को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि भुगतान किया गया है।

#### विधायक की चुप्पी चिंताजनक

घटना के बाद जिला पंचायत सभापति प्रशांत कोड़ापे ने गांव पहुंचकर तीनों बच्चों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि रेल्वे ठेकेदार ने ग्रामीणों के मना करने के बाद भी खुदाई कर ग्रामीणों की जान जोखिम में डाल दिया है। श्री कोड़ापे ने घटना के बाद विधायक और उनके प्रतिनिधियों की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह निष्ठुरता भरा रवैया है।

# पीआईसी गठन से भाजपा पार्षद हुए नाराज, भंग करने की मांग

### भाजपा पार्षदों ने कहा : बहुमत की हुई अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

स्थानीय नगर पंचायत में कांग्रेस और भाजपा के बीच खींचतान शुरू हो गई है। पीआईसी गठन से नाराज भाजपा के पार्षदों ने अध्यक्ष फूलमती वर्मा पर मनमानी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने पीआईसी भंग करने की मांग करते हुए सीएमओ जीपी देवदास को ज्ञापन सौंपा है।

जानकारी के अनुसार अध्यक्ष श्रीमती वर्मा ने गत 17 जुलाई को पीआईसी का गठन किया। राजस्व एवं बाजार समिति का सभापति नोहेंद्र सिन्हा, आवास, पर्यावरण, लोक निर्माण एवं जल कार्य विभाग का सभापति ऊषा वर्मा, खाद्य नागरिक आपूर्ति, स्वास्थ्य चिकित्सा समिति का सभापति गौरव शर्मा, शिक्षा, महिला तथा बाजार कल्याण समिति में कुमारनाथ बघेल, पुनर्वास नियोजन, विधि तथा सामान्य प्रशासन समिति में सभापति रामचंद्र वर्मा को बनाया गया है। सभी समितियों में तीन- तीन पार्षदों को सदस्य बनाया गया है।



#### बिना सहमति के गठन का आरोप

भाजपा पार्षदों का कहना है कि बिना सहमति और बिना बैठक के पीआईसी का गठन किया गया है जो उन्हे स्वीकार्य नहीं है। सीएमओ को सौंपे ज्ञापन में पार्षदों ने विभाग का नाम दर्शाते हुए अपनी सदस्यता समाप्त करने एवं समिति को भंग करने की मांग की है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया है कि पीआईसी का गठन उपाध्यक्ष चुनाव के बाद सात दिवस के भीतर किया जाना था किन्तु अध्यक्ष ने ऐसा नहीं करते हुए पार्षदों को सूचित किए बगैर ही चुपके से गठन कर लिया है। यह ज्ञापन उपाध्यक्ष नोहेंद्र सिन्हा के नेतृत्व में सीएमओ को सौंपा गया।

#### भाजपा पार्षदों की उपेक्षा

नगर पंचायत उपाध्यक्ष नोहेंद्र सिन्हा ने कहा कि पीआई सी के गठन में भाजपा पार्षदों को महत्व नहीं दिया गया। कांग्रेस के पार्षदों को सभापति और भाजपा पार्षदों को सदस्य बनाया गया है जबकि भाजपा के 11 पार्षद हैं। बहुमत को देखते हुए तालमेल बैठाने के लिए फिफ्टी फिफ्टी होना चाहिए था।

#### सभी को महत्व दिया

नगर पंचायत अध्यक्ष फूलमती वर्मा ने कहा कि पीआईसी का गठन सीएमओ के उपस्थित नहीं होने के कारण लेट हुआ है किन्तु समिति में सम्मानित सभी पार्षदों को स्थान दिया गया है।

#### अध्यक्ष का अधिकार

सीएमओ देवदास का कहना है कि पीआईसी का गठन करना अध्यक्ष का अधिकार क्षेत्र है।

उन्होंने गठन कर दिया है।भंग करने की मांग करते हुए भाजपा पार्षदों ने ज्ञापन सौंपा है।

### साहू युवा प्रकोष्ठ में सहप्रभारी बने वीरेंद्र

**डोंगरगढ़।** जिला साहू संघ के युवा प्रकोष्ठ में वीरेंद्र साहू को सह प्रभारी



मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं ने बधाई दी है। सामाजिकजनों में उम्मीद जताया है कि वह अपने दायित्व का निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करते हुए युवा शक्ति को संगठित करने तथा समाजहित के कार्यों को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# मसीही कब्रिस्तान में पौधारोपण



**राजनांदगांव।** स्थानीय मसीही कब्रिस्तान मठपारा राजनांदगांव के प्रबंधक रेव्ह. डॉ. सुमन लाल की अगुवाई में 21 जुलाई को 100 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर राजनांदगांव के विभिन्न चर्च के सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर पार्षद सतीश मसीह ने 50 पौधे देने की घोषणा की है। साथ ही विभिन्न चर्चों के सदस्यों ने भी वृक्षारोपण हेतु पौधे देने की घोषणा की। आगामी स्वतंत्रता दिवस पर मसीह समाज के सदस्यों द्वारा पुनः वृक्षारोपण का कार्य मसीही कब्रिस्तान मठपारा में किया जाएगा।

#### निधन

### शकुन देवांगन

**खड़गांव।** किराना व्यापारी मोचन



देवांगन की माता शकुन देवांगन का 22 जुलाई को निधन हो गया। दोपहर 2 बजे ग्राम के मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामवासी सहित रिश्तेदार मौजूद थे। ग्राम के सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे।
















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## सार समाचार

### खुटेरी में शासकीय भूमि अतिक्रमण मुक्त

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में शासकीय भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध कार्रवाई लगातार जारी है।



इसी कड़ी में राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम खुटेरी में शासकीय भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को हटाने की कार्रवाई की गई। प्राप्त शिकायत के अनुसार ग्राम खुटेरी के 3 किसान फगन, सूर्यभान बंजारे एवं तोपसिंह द्वारा शासकीय घास मद की 3.28 एकड़ भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर फसल की बोआई की गई थी। शिकायत के सत्यापन उपरांत राजस्व विभाग की टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर की सहायता से मेड़ एवं खेतों की जुताई कर अवैध कब्जा हटाया गया। कार्रवाई के दौरान संबंधित किसानों को भविष्य में शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण या कब्जा नहीं करने की सख्त हिदायत दी गई। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के विरूद्ध आगे भी नियमानुसार सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### 24 को शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक

**राजनांदगांव।** महाकाल सेना द्वारा आगामी सावन माह के प्रत्येक सोमवार को निकलने वाली भगवान महाकाल की शोभायात्रा को भव्य एवं



आकर्षक स्वरूप देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जा रहा है। यह बैठक 24 जुलाई को शाम 5 बजे माहेश्वरी भवन राजनांदगांव में आयोजित होगी। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सावन माह में निकलने वाली महाकाल पगड़ी शोभायात्रा शहर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान बन चुकी है। इस वर्ष भी शोभायात्रा को अधिक भव्य, अनुशासित एवं जनसहभागिता से परिपूर्ण बनाने विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। आयोजकों ने शहर के सभी महाकाल भक्तों, सामाजिक संगठनों, युवाओं एवं श्रद्धालुओं से बैठक में शामिल होकर अपने सुझाव एवं विचार रखने का आग्रह किया है। उनका मानना है कि सभी भक्तों के सहयोग और सुझावों से ही शोभायात्रा को अधिक भव्य स्वरूप प्रदान किया जा सकेगा।

### स्थापना दिवस पर वृक्षारोपण

**राजनांदगांव।** बैंक ऑफ बड़ौदा के 119वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान राजनांदगांव परिसर में



पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर मुनीश शर्मा ने पौधरोपण कर सभी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वृक्ष प्रकृति का अमूल्य उपहार है और प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए।संस्थान के निदेशक अमित मिश्रा ने अतिथियों एवं प्रशिक्षार्थियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते कहा कि वृक्षारोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित एवं स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित करने का संकल्प है।

कार्यक्रम में ऋषभ मिश्रा, प्रेम साहू, दीपक साहू, इंद्रेश ठाकुर तथा हाउस वायरिंग (इलेक्ट्रिशियन) प्रशिक्षण बैच के प्रशिक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते पौधरोपण किया।

### युगांतर के विद्यार्थी सीबीएसई बैडमिंटन के अगले दौर में

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई क्लस्टर बैडमिंटन में शानदार प्रदर्शन करते अगले दौर में प्रवेश किया। अंडर-14



आयु वर्ग में दर्शित शर्मा, आरूष पटेल, हिमाण्या रूपवानी ने डीपीएस कोरापुट उड़ीसा के विद्यार्थियों को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। इसी तरह अंडर-17 आयु वर्ग में आरव गुप्ता और मन्नत साहू ने आदित्य बिड़ला हाई स्कूल मुंकुंधापुर के विद्यार्थियों तथा इरा डाकलिया, जिया रामटेके, चहक चंद्रवंशी, साक्षी चौधरी ने रामदास एकेडमी कटक उड़ीसा के विद्यार्थियों को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। अंडर-19 आयु वर्ग में निकिता तिवारी, आकृति चंदेल ने एकेडमिक वर्ल्ड बेमेतरा के विद्यार्थियों को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। सीबीएसई क्लस्टर बैडमिंटन प्रतियोगिता भिलाई में खेली जा रही है।विद्यालय के पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि लीग मैचों में इस तरह के शानदार प्रदर्शन से विद्यालय की क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की राह आसान हो जाएगी। विद्यार्थी बैडमिंटन कोच राजेन्द्र प्रसाद तिवारी और रेणुका साहू के प्रभावी मार्गदर्शन में शानदार खेल का प्रदर्शन रहे हैं।

### यातायात नियमों का उल्लंघन, कार्रवाई

**राजनांदगांव।** शहर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है। वहीं नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। विगत सात दिनों में नो-पार्किंग में वाहन खड़ी करने पर 366 वाहनों की चालानी कार्रवाई किया गया। शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से विगत 7 दिनों से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत नो-पार्किंग एवं अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार प्रभावी चालानी कार्रवाई की गई।इस विशेष अभियान के दौरान नो-पार्किंग में खड़ी 225 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 141 वाहनों पर भी मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। कुल 366 वाहनों पर कार्रवाई कर 1,29,100 रुपए (एक लाख उनतीस हजार एक सौ रुपए) का समन शुल्क वसूल किया गया।

### जिला स्तरीय नशामुक्ति अभियान स्पर्धा 25 को

**राजनांदगांव।** माई भारत के तत्वावधान में आगामी 25 जुलाई राजनांदगांव में जिला स्तरीय नशामुक्ति अभियान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते धनंजय साहू ने बताया कि 25 जुलाई को राजनांदगांव में माई भारत के तत्वावधान में जिला स्तरीय नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय नशा मुक्ति प्रतियोगिताओं के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की पहल मेरा युवा भारत के अंतर्गत राष्ट्रीय नशा मुक्ति अभियान 2026 के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ हो गया है। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशामुक्ति के प्रति जागरूक करना, स्वस्थ जीवन शैली अपनाने प्रेरित करना तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय नशामुक्ति क्विज़, नशामुक्ति एंथम, पोस्टर-पेंटिंग प्रतियोगिता, निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक तथा शॉर्ट वीडियो-रील प्रतियोगिता सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

## लंबित मांगों के निराकरण को लेकर निकाली रैली

# निजीकरण की आशंका, छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

लंबित मांगों के निराकरण और स्वास्थ्य विभाग में निजीकरण, प्लेसमेंट और आऊटसोर्सिंग पर रोक लगाने की मांग को लेकर छग स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मचारियों ने रैली निकालकर कलेक्टर और सीएचएमओ को ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष हंसाराम वर्मा व महामंत्री विनोद रावटे ने बताया कि विभाग द्वारा कर्मचारियो का पुनरीक्षित वेतनमान लागू करने शासन को पूर्व मे प्रसताव भेजा गया है और संघ भी विभिन्न गतिविधियो व पत्राचार के माध्यम से इस दिशा पर शासन प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराते आ रहा है। 2023 में अनिश्चितकालीन हड़ताल के दौरान शासन द्वारा कारवाई का आश्वासन देने पर आंदोलन स्थगित कर दिया गया था, लेकिन तीन साल होने वाला है धरना स्थल पर दिया आश्वासन कोरा साबित हो रहा है। इस विषय पर सरकार ने कोई सकारात्मक



पहल नही की जिसके चलते कर्मचारी हताश निराश हो गए है। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि इसके अलावा संघ द्वारा समय समय पर कर्मचारियों के हितो को लेकर लगातार आवेदन दिया जा रहा है जिसमें एक पाली में ओपीडी, आधार बेस अटेंडेंस, पदनाम परिवर्तन, समयमान वेतनमान का लाभ, संविदा कर्मचारियों की रिक्त पदों पर सीधी भर्ती में पचास फीसदी आरक्षण के अलावा संविदा कर्मचारियों को समान काम समान वेतन के संबंध में नीति निर्धारित करने की मांग की जा रही है, लेकिन शासन इस विषय पर भी चुप्पी साधे हुए है।

इस दौरान केपी साहू, हरिओम शर्मा, दुर्गेश नंदिनी श्रीवास्तव, विनोद रावटे, नेहरू जंघेल, राजेश जांगड़े, शैफाली सिंह, कमलेश साहू, रमेश चौरे, सुरेश नेताम, संध्या वर्मा, किरण वर्मा, पूर्णिमा चंदेल, धनेश्वरी कुंभकार, श्रद्धा वैष्णव, धनेश्वरी साहू सहित बड़ी संख्या में संघ पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।

#### भविष्य को लेकर चिंतित

संघ पदाधिकारियों ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के लैब को एचएलएल कंपनी को देने व अमृत फार्मेसी खोलने के संबंध में आदेश प्रसारित होने से विभागीय कर्मचारियों को इस बात की चिंता खाए जा रही है कि कही निजीकरण प्रक्रिया की शुरूआत तो नही हो रही है। उनका कहना है कि इस आदेश के प्रसारण बाद से भविष्य को लेकर कर्मचारी चिंतित है और संगठन के माध्यम से अपनी दुविधा शासन प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत कर रहे हैं। सीएम, स्वास्थ्य मंत्री और विभाग के प्रमुख सचिव के नाम सौंपे ज्ञापन मे संघ सदस्यो ने इस विषय पर शासन प्रशासन को चुप्पी तोडने और कर्मचारियों के हितो की रक्षा करने की मांग की है।

### विस अध्यक्ष डॉ.रमन ने व्यक्त की शोक संवेदना



**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने भाजपा पार्षद रवि सिन्हा के निवास पहुंचकर उनके पिताश्री सेवानिवृत्त इंजीनियर स्व. रामरतन सिन्हा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। डॉ. सिंह ने स्व. सिन्हा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा शोकाकुल परिवार से भेंट कर अपनी संवेदनाएं प्रकट की। इस अवसर पर डॉ. सिंह ने कहा कि स्व. सिन्हा का जीवन सादगी, अनुशासन, ईमानदारी और सेवा का प्रेरणादायी उदाहरण था। उनका व्यक्तित्व समाज के लिए सदैव स्मरणीय रहेगा।

शोक संवेदना व्यक्त करने के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, नमिताभ जैन, दीपक सिन्हा, योगेश सारथी, रामकिशुन जायसवाल, आभा जायसवाल, पूर्णिमा साव, संजय चौरसिया, राजा माखीजा एवं अन्य गणमान्यजन भी उपस्थित रहे। परिवार ने इस दुःख की घड़ी में पहुंचकर सांत्वना प्रदान करने के लिए डॉ. रमन सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया।

## गणित में बच्चों को बताया कमजोर, जांच रिपोर्ट में सामने आई तैयारी की कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के शिवनाथ महाविद्यालय में गणित विषय के 48 में से सिर्फ 4 विद्यार्थियों के उत्तीर्ण होने के मामले को लेकर एनएसयूआई द्वारा इस पर जांच कार्रवाई की मांग की गई थी। जिसके बाद महाविद्यालय प्रशासन द्वारा जांच टीम बनाई गई और जांच रिपोर्ट सामने आने पर शिक्षा व्यवस्था में कमी जाहिर हुई। इस मामले को लेकर एनएसयूआई प्रदेश महासचिव राजा यादव ने बताया कि शासकीय शिवनाथ महाविद्यालय के प्रथम सेमेस्टर के गणित के विषय में 48 छात्रों ने परीक्षा दी थी। जिसमें से सिर्फ 4 छात्र ही उत्तीर्ण हुए और बाकी 44 छात्र एटीकेटी आए थे। इस मामले को लगातार एनएसयूआई द्वारा उठाया जाता रहा और इस विषय पर महाविद्यालय प्रशासन से जांच कमेटी बनाए जाने मांग भी की गई थी, जिस पर महाविद्यालय प्रशासन की तरफ से 3 सदस्यीय जांच कमेटी बनाई गई। जांच रिपोर्ट में सब कुछ छात्रों के ऊपर छोड़ दिया गया है और प्रोफेसर को क्लीनचिट दे दी गई है। राजा यादव ने कहा कि इस मामले में कड़ा विरोध किया जाएगा।

# गुणवत्ता और भुगतान प्रक्रिया पर उठा सवाल

- सवा करोड़ से उपर की खरीदी पर घमासान
- नेता प्रतिपक्ष से मिलकर कांग्रेसियों ने की उच्च स्तरीय जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नगर पालिका परिषद में 15वें वित्त आयोग की राशि से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए की गई 1.31 करोड़ की खरीदी विवादास्पद हो गई है। विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने नगरीय प्रशासन व विकास विभाग के अवर सचिव, संचालक रायपुर को लिखित शिकायत भेजकर पूरे मामले की उच्च स्तरीय तकनीकी जांच कराने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया गया है कि जेम पोर्टल के माध्यम से खरीदे गए हाथ रिक्शा, ई-रिक्शा, ट्विन बिन मिनी टिप्पर, हाइड्रोलिक ट्रॉली और स्काई लिफ्ट मशीन की खरीदी में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की गई। उन्होने बताया कि लाखों रुपया खर्च कर खरीदा हाथ और ई-रिक्शा महज दो महीने के भीतर ही खराब होने लगा है जिसके चलते स्वच्छता दीदियों का काम और शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रहा है। शिकायत में मनराखन देवांगन ने स्काई लिफ्ट मशीन की खरीदी को लेकर भी गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि मशीन की तकनीकी स्पेसिफिकेशन का समुचित परीक्षण किए बिना ही सप्लाई स्वीकार कर भुगतान प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई।

#### कार्रवाई की रखी मांग

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत से मुलाकात कर पूरे प्रकरण की जानकारी देकर कांग्रेस नेताओं ने मशीन की स्वतंत्र तकनीकी जांच कराने और जांच पूरी होने तक संबंधित को भुगतान पर रोक लगाने की मांग करते हुए मनराखन देवांगन ने बताया कि इस मामले की शिकायत 8 जुलाई को कलेक्टर से भी की गई है लेकिन अब उन्होंने नगरीय प्रशासन विभाग से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों एवं संबंधित एजेंसियों पर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा को भी जानकारी दी गई है। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अरुण भारद्वाज, नपा नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, शहर कांग्रेस महामंत्री शेखर दास वैष्णव सहित अन्य मौजूद थे।

# गांधी व खड़गे की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, पीएम का पुतला फूंका

- छात्रों पर दर्ज प्रकरण वापस लेने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दिल्ली में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी सहित सांसदों एवं वरिष्ठ नेताओं की गिरफ्तारी, पुलिस कार्रवाई व छात्रहितों से जुड़े मुद्दों और नीट परीक्षा को लेकर जंतर-मंतर में प्रदर्शनरत छात्रों से बर्बरता के खिलाफ बुधवार को शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी ने जयस्तंभ चौक पर प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता दोपहर एक बजे जयस्तंभ चौक पहुंचे और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया।

ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव ने आरोप लगाया कि छात्र-युवा हितों की आवाज उठाने वाले जनप्रतिनिधियों को बलपूर्वक



#### कांग्रेस दमन से डरने वाली नहीं

शहर अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि नीट सहित शिक्षा और युवाओं के भविष्य से जुड़े सवालों पर आवाज उठाना कोई अपराध नहीं है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में विपक्ष की बात सुनने के बजाय उसे पुलिस बल के सहारे दबाने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस ऐसे दमन से डरने वाली नहीं है। छात्र-युवाओं के अधिकारों की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक पूरी मजबूती से लड़ी जाएगी।

रोककर केंद्र सरकार लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन कर रही है। श्री यादव ने इसे लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण बताते पुलिस कार्रवाई की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस नेताओं और सांसदों के साथ जिस प्रकार का व्यवहार किया गया, वह लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला है। केंद्र सरकार विरोध की हर आवाज को कुचलना चाहती है, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता जनता के मुद्दों पर संघर्ष जारी रखेंगे।

#### दोषियों पर करें तत्काल कार्रवाई

उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को नैतिक जिम्मेदारी लेते तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने मांग की कि परीक्षा प्रणाली में हुई गड़बड़ियों और विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़े गंभीर विषयों पर संसद में तत्काल चर्चा कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही नई दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं और प्रदर्शनकारियों पर दर्ज एफआईआर तथा अन्य आपराधिक प्रकरण तत्काल वापस लिए जाएं।

छात्रों, युवाओं और आम नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए पार्टी हर स्तर पर आंदोलन तेज करेगी। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और छात्रहितों से जुड़े मुद्दों पर सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की।

### बॉलीवुड एक्ट्रेस मंदाकिनी के हाथों दीपिका हुई सम्मानित



- बिलासपुर में ब्यूटी फैशन शो आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले की प्रसिद्ध ब्यूटीशियन दीपिका साहू को बॉलीवुड अभिनेत्री मंदाकिनी ने ताज पहनाकर तथा प्रशस्ति पत्र और पांच हजार रुपए का प्रथम पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया है। दीपिका ने रायपुर के बाद बिलासपुर में आयोजित ब्यूटी फैशन-शो में यह बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

ग्राम जंगलपुर की श्रीमती दीपिका पति तिलक साहू कुशल गृहिणी होने के साथ कृषि कार्य और समाजसेवा के क्षेत्र में भी दक्ष हैं। वे गांव में ब्यूटी पार्लर संचालित करने के साथ अनेक महिलाओं को प्रशिक्षण भी दे रही हैं। वे 18 और 19 जुलाई को छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर में न्यू उड़ान जन सेवा फाऊंडेशन द्वारा सौंदर्य शिक्षा, कौशल विकास, महिला सशक्तीकरण और स्वरोजगार की थिम पर आयोजित स्पेशल क्राऊन मिस एंड मिसेस छत्तीसगढ़-2026 फैशन अवार्ड शो में मिसेस कैटेगरी में फर्स्ट विनर घोषित हुई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री मंदाकिनी ने उन्हें ताज (क्राऊन) पहनाकर, प्रशास्ति पत्र व 5 हजार रुपए की राशि प्रदान कर सम्मानित किया।

श्रीमती साहू ने एजुकेशन लर्निंग ब्यूटी एक्सपो ब्यूटी बिजनेस अवार्ड-शो में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसके लिए भी अभिनेत्री मंदाकिनी ने उन्हें पुरस्कृत किया।

### मैथिली रमण शरण महाराज का आगमन



**राजनांदगांव।** श्री मिथिला धाम गणेश हनुमान मंदिर मौनी बाबा आश्रम में श्री हनुमत महायज्ञ के आठवें दिन अयोध्या धाम से श्री लक्ष्मण किलाधीश पूज्य श्री मैथिली रमण शरण महाराज का आगमन हुआ। जिसका गुरुद्वारा चौक पर मंदिर समिति एवं मौनी बाबा के शिष्यगणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव, अशोक चौधरी, भावेश अग्रवाल, आलोक बिंदल, योगेश मानिक, मनोज चौधरी, लक्ष्मी बाबू झा, उषा चौधरी, राधा झा, कुमुद चौधरी, कल्पना झा, राजू झा एवं पं. अशोक पांडे, डॉ. निरंजन ठाकुर, पं.आदित्य झा, पं.दिनेश पांडा एवं समस्त पंडित मंत्रोचार द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

# पत्रकारों का पुरोधा चला गया : डॉ.शुक्ल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजेन्द्र व्यास जैसे पत्रकार बिरले होते हैं। मैंने राजनांदगांव पुलिस अधीक्षक रहते उन्हें करीब से देखा ही नहीं, बल्कि जाना भी। चमक-दमक से दूर, सीधे-साधे सादगी के परिचायक मूर्धन्य वरिष्ठ पत्रकार थे। साथ ही जनसेवा में भी आगे रहे। रायपुर पुलिस आयुक्त डॉ. संजीव शुक्ल सोमवार को शहर में वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र व्यास की तेरहवीं एवं श्रद्धांजलि सभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि एसपी रहते मैंने देखा कि शहर में एक ऐसा वरिष्ठ निराला पत्रकार है। जिसका संबंध हर वर्ग के लोगों से है। साथ ही वे ज्यादातर लोगों के बारे में गहराई एवं सत्यता से वाकिफ थे, जो हैरान करता था। सच कहे तो अंचल के पत्रकारों के लिए वे पुरोधा थे।

डॉ. पुष्पा सिंह ने कहा कि राजेन्द्र व्यास चीजों को समझते-बुझते फिर उन्हें खबर के तौर पर छापते थे। जिससे हर वर्ग को न्याय मिलता था। वरिष्ठ पत्रकार सुशील कोठारी ने कहा कि हमनें अपना एक वरिष्ठ, विश्वसनीय पत्रकार खो दिया है। प्रधान संपादक दीपक बुद्धदेव ने कहा कि राजेन्द्र व्यास बड़े भ्राता जैसे थे। उनसे स्नेह प्राप्त होता था। राजीव वोरा ने कहा कि समूह ने अपना दशकों पुराना विश्वसनीय, ईमानदार, उम्दा पत्रकार खो दिया है। जिसकी भरपाई बेहद मुश्किल है।



संपादक गिरीश वोरा ने कहा कि राजेन्द्र व्यास के रहते समूह को नांदगांव जिले, अंचल में किसी तरह की समस्या खबरों को लेकर नहीं आई। शताब्दी सुबोध पांडे, डॉ. बृजकिशोर सुरजन, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) अमित कुमार, डॉ. डीसी जैन, पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना, वरिष्ठ पत्रकार बाबूलाल शर्मा, राजनांदगांव प्रेस क्लब अध्यक्ष सचिन अग्रहरि, डॉ. अरूण शंकर दीक्षित ने अपने-अपने विचार रखे।

श्रद्धांजलि सभा के प्रारंभ में स्व. राजेन्द्र व्यास के सुपुत्र अंकित राज व्यास व बहू पूजा व्यास, नाती विश्वेशराज व्यास ने उपस्थितजनों का आभार व्यक्त करते कहा कि शहर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थित से व्यास परिवार को संबलता मिली है। मौके पर दिनेश साहू के नेतृत्व में हार्दिक पलण, अतुल व्यास, गोपाल पलण ने भजन गायन प्रस्तुत किया।



## नेऊरगांवखुर्द व गंडईखुर्द सहित 30 स्थानों में विकसित होने जा रहा फलदार उद्यान

# विकसित भारत जी-राम-जी उद्यान से आजीविका संवर्धन को मिलेगा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के ग्राम पंचायत नेऊरगांव खुर्द एवं गंडईखुर्द में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण के तहत जी राम जी उद्यान की स्थापना की गई है। 2 जुलाई को विकसित भारत जी राम जी योजना के शुभारंभ अवसर पर उद्यान की नींव रखी गई। ग्राम पंचायत नेऊरगांवखुर्द में 560 नग फलदार वृक्षारोपण कार्य गौठान के बगल में समराही परिया के 2.02 हेक्टेयर क्षेत्र में 8.35 लाख रुपए की लागत से फलदार पौधे लगाए गए है।

जिसमें आम, नींबू, जामुन, आंवला एवं कटहल शामिल है। इस कार्य की देखभाल उद्यानिकी विभाग द्वारा की जा रही है तथा एग्रीकॉन संस्था द्वारा इसमें सहयोग प्रदान करते हुए पूरे क्षेत्र का चैन लिंकिंग फेंसिंग करते हुए प्रति पौधे प्रति माह 15 रखरखाव के लिए स्थानीय महिला समूह के सदस्यों को दी जा रही है। इसी तरह ग्राम पंचायत गंडई खुर्द में फलदार वृक्षारोपण कार्य लिलमहा बगीचा स्थल के पास 2.02 हेक्टेयर क्षेत्र में 350 नग फलदार पौधों का रोपण किया गया है तथा इसकी लागत 6.678 लाख रुपए रखी गई है। इस कार्य को भी उद्यानिकी विभाग द्वारा संपादित कराया जा रहा है तथा दोनों उद्यान विकसित भारत जी राम जी योजना के मद से स्वीकृत किए गए है।

### ग्रामीणों को आजीविका के नए साधन उपलब्ध कराना हैः अभिषेक अग्रवाल




मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि उद्यान विकास करने का मुख्य लक्ष्य वृक्षारोपण को बढ़ावा देते हुए ग्रामीणों को आजीविका के नए साधन उपलब्ध कराना है। वृक्षारोपण में सभी फलदार पौधे लगाए गए हैं और सभी पौधे ग्राफ्टिंग प्रकृति के हैं। जिसे उद्यानिकी विभाग के सहयोग से स्थानीय समूह द्वारा तैयार किया जा रहा है। उन्नत किस्म के आम, आंवला, नींबू, जामुन, सीताफल और कटहल के फसल 2 से 3 साल में तैयार होने लगेंगे तथा इसे बेचकर स्थानीय समूह को आर्थिक लाभ होगा। साथ ही पौधों की तैयारी में ग्रामीणों को विकसित भारत जी राम जी योजना से रोजगार के अवसर मिल रहे है और साथ मे प्रतिदिन 300 का मजदूरी भुगतान प्राप्त हो रहा है। अभिषेक अग्रवाल ने आगे बताया कि जिले में कुल 30 स्थानो पर फलदार वृक्षारोपण का कार्य किए जाने की योजना अंतिम चरण पर है। जिनमे से प्रथम दो की स्थापना क्रमशः ग्राम पंचायत नेऊरगांवखुर्द एवं गंडईखुर्द में की जा चुकी है। तथा शेष 28 स्थानो की स्वीकृति प्रक्रिया जारी है तथा इसी वर्षा ऋतु में जी राम जी उद्यान विकास का कार्य पूरा किया जाएगा।

# भगतपुर शाला परिसर में जलभराव होने से विद्यार्थियों की बढ़ी परेशानी



- पानी निकासी के अभाव में दुर्घटना और संक्रमण का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम भगतपुर स्थित प्राथमिक शाला का परिषर इन दिनों जलभराव की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। स्कूल मैदान में पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी लंबे समय तक जमा रहता है, जिससे विद्यार्थियों को प्रतिदिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल का मैदान बच्चों के खेलकूद, प्रार्थना सभा एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के लिए उपयोग में आता है, लेकिन जलभराव के कारण यह पूरी तरह प्रभावित हो गया है।

मैदान में लगातार पानी भरे रहने से सांप, बिच्छू एवं अन्य विषैले जीव-जंतुओं के निकलने की आशंका बनी रहती है, जिससे छात्र-छात्राओं की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। इसके अलावा रुके हुए पानी में मच्छरों का प्रजनन तेजी से हो रहा है, जिससे डेंगू, मलेरिया एवं अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। बारिश के दिनों में बच्चों को कीचड़ और पानी के बीच से होकर विद्यालय पहुंचना पड़ता है, जिससे उनके स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को लेकर अभिभावकों में भी चिंता बनी हुई है।

ग्रामीणों एवं पालकों का कहना है कि यदि विद्यालय परिसर में समुचित जल निकासी की व्यवस्था कर दी जाए तो इस समस्या का स्थायी समाधान हो सकता है। उन्होंने संबंधित विभाग एवं प्रशासन से मांग की है कि विद्यालय परिसर का निरीक्षण कर शीघ्र जल निकासी की व्यवस्था कराई जाए, ताकि छात्र-छात्राओं को सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण में शिक्षा प्राप्त हो सके। स्थानीय लोगों ने शासन-प्रशासन से अपील की है कि जिले के अन्य विद्यालयों में भी जहां इस प्रकार की समस्या है, वहां समय रहते आवश्यक सुधार कार्य कराए जाएं, ताकि बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य से किसी प्रकार का समझौता न हो।

## खबर संक्षेप

### प्रधान पाठक की पहल घुमंतू बच्चे को प्रवेश दिलाया



**पंडरिया।** पंडरिया ब्लाक के ग्राम पौनी अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला पौनी के प्रधानपाठक वासुदेव सिंह राठौर के नेतृत्व में सघन सर्वे कार्यक्रम के तहत शत-प्रतिशत शाला में प्रवेश दिलाया गया। इस प्रकार एक घुमंतू वंचित भड़ढरी जाति के बालिका लक्ष्मी पिता पन्ना लाल माता पुष्पा बाई को घर पर ही गुलाल लगाकर मुंह मीठा कर विद्यालय में प्रवेश दिया गया। वहीं शासन द्वारा मिलने वाले निःशुल्क पाठयपुस्तक, गणवेश प्रदान कर प्रधान पाठक वासुदेव सिंह राठौर द्वारा प्रवेशित किया गया व माता-पिता को समझा कर आश्वस्त किया गया। इस दौरान माता पिता सहित आसपास के लोग उपस्थित थें

### डिजिटल व पारदर्शी व्यवस्था से बचा समय

**कवर्धा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित सेवा सेतु केंद्र के माध्यम से नव दंपत्तियों के लिए विवाह प्रमाण पत्र बनवाने की प्रक्रिया पहले से अधिक सरल और सुगम हो गई है। विवाह के बाद आवश्यक शासकीय दस्तावेजों में विवाह प्रमाण पत्र का विशेष महत्व होता है, सेवा सेतु केंद्र में आवेदन करने के बाद संबंधित विभाग द्वारा प्रक्रिया पूरी कर निर्धारित समय में विवाह प्रमाण पत्र जारी किया जा रहा है। जिले के ग्राम राम्हेपुर निवासी फलित पुरेना और उनकी पत्नी श्रीमती प्रियंका पुरेना ने भी इस सुविधा का लाभ उठाया। लगभग दो माह पूर्व विवाह के बंधन में बंधे इस नव दंपत्ति को विभिन्न शासकीय कार्यों के लिए विवाह प्रमाण पत्र की आवश्यकता थी। उन्होंने सेवा सेतु केंद्र में आधार कार्ड, विवाह के फोटो, शपथ पत्र तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन किया। सेवा सेतु केंद्र के कर्मचारियों ने सभी दस्तावेजों का ऑनलाइन पंजीयन कर आवेदन संबंधित विभाग को भेज दिया। विभाग द्वारा आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद विवाह प्रमाण पत्र जारी किया गया, जिसे नव दंपत्ति ने सेवा सेतु केंद्र से प्राप्त किया। पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, व्यवस्थित और समयबद्ध रही। फलित पुरेना ने बताया कि सेवा सेतु केंद्र के माध्यम से विवाह प्रमाण पत्र बनवाने की प्रक्रिया बेहद आसान रही। न कहीं भटकना पड़ा और न ही किसी प्रकार की परेशानी हुई। इससे समय, श्रम और पैसे तीनों की बचत हुई। एक ही स्थान पर आवेदन जमा हुआ, दस्तावेजों का पंजीयन हुआ और निर्धारित समय में प्रमाण पत्र भी प्राप्त हो गया। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेवा सेतु केंद्र जैसी व्यवस्था से आम नागरिकों को समय पर और सहज तरीके से शासकीय सेवाओं का लाभ मिल रहा है।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए मुख्यमंत्री ने विश्राम निर्मलकर को किया सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

राष्ट्रीय रजक महासंघ भारत इकाई छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रदेश अध्यक्ष विश्राम निर्मलकर को गौ-विज्ञान एवं जैविक कृषि में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया, जिसके लिए कन्नौजे रजक समाज सेवा समिति पंडरिया परिक्षेत्र जिला कबीरधाम विश्राम निर्मलकर को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कुमार रजक परिक्षेत्र अध्यक्ष, डॉ राधेलाल निर्मलकर सचिव, रामश्रय निर्मलकर कोषाध्यक्ष, महाजन निर्मलकर संरक्षक, द्वारिका प्रसाद निर्मलकर पूर्व अध्यक्ष, जेठूराम निर्मलकर सरपंच, नरेंद्र निर्मलकर सरपंच, जलेश्वर निर्मलकर, नर्मदा निर्मलकर, गुनवा निर्मलकर, बाबूलाल रजक, परषोत्तम निर्मलकर तथा कन्नौज रजक समाज सेवा समिति पंडरिया परिक्षेत्र के समस्त पदाधिकारी ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

# सीसी रोड व नाली के अभाव में घुटनों तक जलभराव

- भारी बारिश से गलियां तालाब में तब्दील, आवागमन बाधित


हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रदेश सरकार गांव-गांव और शहर-शहर तक विकास पहुंचाने के दावे कर रही है, लेकिन जिला मुख्यालय कवर्धा के वार्ड क्रमांक-8 शंकर नगर की तस्वीर इन दावों पर सवाल खड़े कर रही है। यहां सीसी सड़क और पक्की नाली के अभाव में बरसात के दौरान गलियां तालाब में तब्दील हो गई हैं। हालात ऐसे हैं कि लोगों को अपने घर पहुंचने के लिए रोजाना घुटनों तक पानी पार करना पड़ रहा है।

बताया जाता है कि सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को उठानी पड़ रही है। वार्डवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार नगर पालिका परिषद और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से सीसी सड़क एवं नाली निर्माण की मांग की, यहां तक कि उपमुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक तक अपनी समस्या पहुंचाई। इसके बावजूद अब तक न तो सड़क बनी और न ही नाली का निर्माण शुरू हो सका। नतीजा यह है कि घरों से निकलने वाला गंदा पानी गलियों में ही जमा हो रहा है और बरसात ने समस्या को और गंभीर बना दिया है। स्थानीय लोगों के अनुसार कुंदनबाड़ी-जेवड़न मार्ग से जुड़ी इस बस्ती की गलियां आज भी कच्ची हैं।

बारिश होते ही सड़क कीचड़ और जलभराव से भर जाती है। जगह-जगह गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्कूली बच्चों को प्रतिदिन इसी जलभराव से होकर स्कूल जाना पड़ता है। कई बार बच्चे फिसलकर गिर जाते हैं, जबकि दोपहिया वाहन चालकों को भी जोखिम उठाकर गुजरना पड़ता है।

वार्ड निवासी नेमचंद साहू, रामचंद चंद्रवंशी, गोकुल सिन्हा, रामशरण सिन्हा, संतोष सिन्हा, तारकेश सिन्हा, विनोद राजपूत, भागीरथी श्रीवास, पवन श्रीवास और पुखराज सिन्हा ने बताया कि जेवड़न मार्ग परमेश्वर साहू के घर तक सीसी सड़क और पक्की नाली का निर्माण वर्षों से लंबित है। यदि यह कार्य हो जाए तो जलभराव की समस्या काफी हद तक समाप्त हो



### संक्रमण का भी बढ़ा खतरा

गंदे पानी के लंबे समय तक जमा रहने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ने लगा है। वार्डवासियों को आशंका है कि यदि जल्द निकासी की व्यवस्था नहीं हुई तो डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। दुर्गंध के कारण लोगों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है।

# प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, जिला कबीरधाम के बैनर तले बुधवार को स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर शहर में रैली निकालकर प्रदर्शन किया। हाथों में तख्तियां और बैनर लिए कर्मचारी नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री एवं स्वास्थ्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा।

जिला अध्यक्ष अशोक डहरिया ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मचारियों की कई महत्वपूर्ण मांगें लंबे समय से लंबित हैं। ज्ञापन में पुनरीक्षित वेतनमान लागू करने, स्वास्थ्य विभाग में निजीकरण, ठेका प्रथा एवं आउटसोर्सिंग पर रोक लगाने, रिक्त पदों पर नियमित भर्ती करने तथा सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई है।



जिला सचिव कृष्णकांत तिवारी ने कहा कि प्रदेश के अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों में 35 से 40 प्रतिशत पद रिक्त हैं, जिससे मरीजों को समय पर बेहतर उपचार नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने सभी स्वीकृत रिक्त पदों पर शीघ्र सीधी भर्ती करने की मांग की। जीवनदीप कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष नारायण कांड्रा एवं विकास कुर्रे ने संविदा और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए समान कार्य के बदले समान वेतन, नियमितीकरण तथा जीवनदीप समिति के कर्मचारियों के लिए पूरे प्रदेश में एक समान मानदेय लागू करने की मांग रखी। ज्ञापन में पदोन्नति, जोखिम भत्ता, रजिस्ट्रेशन भत्ता, आवास सुविधा तथा अन्य लंबित मांगों का भी उल्लेख किया गया।

संघ ने राज्य स्वास्थ्य आयोग के गठन तथा स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों और प्रशिक्षित युवाओं के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग भी की। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने शासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# अमलीडीह में सरस्वती सायकिल योजना के तहत 60 विद्यार्थियों को निःशुल्क सायकिल वितरित की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शासकीय हाई स्कूल अमलीडीह में सोमवार को सरस्वती निःशुल्क साइकिल योजना के तहत कक्षा नवमी की छात्राओं को सायकिल वितरित की गई। योजना के अंतर्गत विद्यालय में कुल 60 सायकिलों का वितरण किया गया। साइकिल प्राप्त करते ही छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने शासन के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आनंद मिश्रा सदस्य जनपद पंचायत कवर्धा थें, कार्यक्रम की अध्यक्षता खेलिया जगराम पटेल, सरपंच ग्राम पंचायत अमलीडीह ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में दिलउ सिंह राजपूत, अध्यक्ष शाला विकास समिति और संजय सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष शाला विकास समिति उपस्थित थें। पालक सदस्यों में भगत सिंह और कैलाश सिंह की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने कहा कि राज्य शासन की मंशा है कि किसी भी बालिका की शिक्षा दूरी के कारण प्रभावित न हो।

## शिकवा-शिकायत के बाद भी जिम्मेदारों की अनेदखी

# ग्रामीणों ने की सीसी रोड़ की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत रापा के आश्रित ग्राम पीपरमाटी में स्थित श्री कृष्ण मंदिर (बरपारा) से स्वर्गीय कल्याण यादव के घर के आगे तक सीसी रोड निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि बरसात के मौसम में यह कच्चा मार्ग दलदल में तब्दील हो जाता है, जिससे आवागमन बाधित तथा रहवासियों को भारी कठिनियों का सामना करना पड़ता है।

जिस पर ग्रामीण खेलन राम यादव लक्ष्मण प्रसाद यादव पीपरमाटी ने ज्ञापन के माध्यम से शासन-प्रशासन का इस समस्या को लेकर अवगत कराया साथ ही इस गंभीर जनसमस्या की ओर ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने बताया कि यह मार्ग लंबे समय से जर्जर स्थिति में है और कई बार शिकवा शिकायत कर क्षेत्रीय प्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

यहां बताना लाजिमी होगा कि बारिश के दिनों में स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों को कीचड़ के कारण भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। आए दिन लोग फिसलकर घायल हो रहे हैं तथा आपातकालीन स्थिति में एम्बुलेंस और अन्य वाहन भी मोहल्ले तक नहीं पहुंच पाते। जिस पर मोहल्ले वासियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सीसी रोड निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर आवश्यक राशि जारी की जाए, ताकि ग्रामीणों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।



### गली-मोहल्ला किचड़ से लथपथ

यहां बताना लाजिमी होगा कि ग्राम पंचायत रापा के आश्रित ग्राम पीपरमाटी में पक्की रोड निर्माण नही होने से ग्रामीणों को आवाजाही में भारी परेशानियों तथा गांव की मुख्य गली-मोहल्ले बद से बदत्तर व किचड़ से लथपथ हो गए है ऐसे में ग्रामीण जन बरसात के दिनों में घर से निकलने में हिचकिचा रहे है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**वारदात:** करीब साढ़े 6 लाख के जेवरात पार, जिले के मंदिरों पर चोरों की नजर

# ग्राम मड़मड़ा में मां महामाया मंदिर से सोने-चांदी के जेवरात ले उड़े अज्ञात चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई

हाल के दिनों में जिला मुख्यालय कवर्धा के नवीन बाजार कड़रापारा स्थित हनुमान मंदिर और पाण्डातराई थाना क्षेत्र के ग्राम उड़िया के शिव मंदिर में चोरी की वारदातों को अंजाम देने के बाद अज्ञात चोरों ने मंगलवार-बुधवार की दरमियानीरात विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत आने वाले थाना पाण्डातराई के ग्राम मड़मड़ा स्थित महामाया मंदिर में हाथ साफ कर दिया।

बताया जाता है कि अज्ञात चोरों ने यहां लंबा हाथ मारते हुए मां महामाया के सिंगार के करीब साढ़े 6 लाख रूपए के सोना और चांदी के जेवरातों की चोरी कर चंपत हो गया। बताया जाता है कि ग्रामीणों और मंदिर समिति द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दे दी है और पुलिस ने भी सूचना पाकर औपचारिकता पूरी करते हुए डॉग स्कॉट के साथ मौका मुआयाना कर लिया है। लेकिन अभी तक अज्ञात चोरों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के पाण्डातराई थाना क्षेत्र के ग्राम मड़मड़ा में बुधवार की सुबह उस समय सनसनी फेल गई जब रोज की तरफ मंदिर के पुजारी महामाया मंदिर में पूजा अर्चना करने पहुंचे। मंदिर में मां महामाया के जेवरात गायब थे। जिसकी जानकारी पुजारी ने तत्काल स्थानीय ग्रामीणों को दी और देखते ही देखते मौके पर भीड़ जुट गई।

मंदिर के पुजारी और भक्तों ने बताया कि जो जेवरात चोरी किए गए हैं, उसमें सोने और चांदी के झुमके, हार, पान का बना पत्ता, करधनी सहित कई कीमती आभूषण चोर चुरा ले गए। बाद में इसकी सूचना पाण्डातराई पुलिस को दी गई। सूचना पाकर डॉग स्कॉट के साथ पहुंची पुलिस टीम ने मौका मुआयाना कर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। लेकिन पुलिस को अभी तक कोई सफलता नहीं मिल पाई है।

### ग्रामीणों में वारदात को लेकर भारी आक्रोश





जिले के मंदिरों में लगातार हो रही चोरी की वारदातों के बाद अब ग्राम मड़मड़ा के महामाया मंदिर में हुई चोरी को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों की शिकायत है कि इलाके में शातिर चोर लंबे समय से सक्रिय हैं और मौका पाते ही वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। जिसकी शिकवा शिकायत भी पुलिस प्रशासन से की जा रही है। बावजूद पुलिस उनको पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है। लोगों का कहना है कि मंदिर और उसके पास के इलाकों में सीसीटीवी लगाए जाने चाहिए, जिससे सुरक्षा घेरा और मजबूत किया जा सके। लोगों ने मंदिर के पास पुलिस की सुरक्षा भी बढ़ाए जाने की मांग की है।

### नहीं थम रही है मंदिरों में चोरी

यहां बताना लाजिमी होगा कि कबीरधाम जिले के मंदिर में चोरी की यह कोई पहली वारदात नहीं है। इससे पूर्व अज्ञात चोर जिला मुख्यालय से लेकर नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों के दर्जनो मंदिर में चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। अभी हाल के ही दिनों में अज्ञात चोरों ने कवर्धा के नवीन बाजार कड़रापारा स्थित हनुमान मंदिर और पाण्डातराई थाना क्षेत्र के ग्राम उड़िया के शिव मंदिर में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था।

### ग्रामीणों ने की कार्यवाही की मांग

ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मामले में फौरी कार्यवाही कर आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने की मांग की है। साथ ग्रामीणों ने क्षेत्र में पुलिस गस्त बढ़ाए जाने और चिन्हांकित स्थानों में सीसी टीवी कैमरा लगाने की बात कहीं है।



# विधायक के संज्ञान में आते ही दंशरगपुर सड़क की मरम्मत

- वर्षाकाल में जर्जर सड़क की मरम्मत से क्षेत्रवासियों को मिली बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई

पंडरिया विधानसभा के ग्राम दंशरगपुर जनपद पंचायत पंडरिया क्षेत्र क्रमांक 22 में खराब सड़क के कारण ग्रामीणों को आवागमन में हो रही परेशानी की जानकारी मिलते ही विधायक भावना बोहरा ने तत्काल संज्ञान लिया। उनके निर्देश पर सड़क मरम्मत कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया गया, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है।

सड़क में मुरमीकरण एवं जिरो गिट्टी डालने से किचड़ से निजात मिली है। जनपद सदस्य रानी मिथलेश चन्द्रवंशी ने इस त्वरित जनहितकारी पहल के लिए विधायक भावना बोहरा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव संवेदनशील और प्रतिबद्ध रहती हैं। उन्होंने कहा कि जनता की छोटी से छोटी समस्या पर भी विधायक द्वारा तत्काल कार्रवाई कराना उनकी कार्यशैली को दर्शाता है। ग्रामीणों ने भी सड़क मरम्मत कार्य के लिए विधायक भावना बोहरा का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इससे आवागमन सुगम होगा और वर्षा ऋतु में होने वाली कठिनाइयों से राहत मिलेगी।

साथ ही विद्यार्थियों किसानों को भी अपनी फसल तक पहुंचने व धान मंडी तक आने जाने में काफी सहुलियत मिलेंगी। जनपद सदस्य रानी मिथलेश चन्द्रवंशी ने विश्वास व्यक्त किया कि विधायक भावना बोहरा के नेतृत्व में पंडरिया विधानसभा में विकास कार्यों की गति इसी प्रकार निरंतर जारी रहेगी तथा जनहित सर्वोपरि रहेगा।

## खबर संक्षेप

### कक्षा नवमी प्रवेश हेतु काउंसलिंग 5 तक

**कवर्धा।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 की कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इसके पश्चात विभागीय वेबसाइट पर काउंसलिंग हेतु पात्र छात्र-छात्राओं की सूची एवं तिथि जारी कर दी गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग एलपी पटेल ने बताया कि प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग 5 अगस्त 2026 तक संबंधित आबंटित प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित की जाएगी। । अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने आबंटित विद्यालय में उपस्थित होकर काउंसलिंग प्रक्रिया में शामिल होना होगा।

### कबीरधाम जिले में 271.4 मिलीमीटर औसत वर्षा

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में एक जून से आज तक 271.4 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा तहसील में 297.2 मिलीमीटर, पंडरिया तहसील में 219.0 मिलीमीटर, बोड़ला तहसील में 250.7 मिलीमीटर, सहसपुर लोहारा तहसील में 199.2 मिलीमीटर, रेंगाखार तहसील में 232.0 मिलीमीटर, कुण्डा तहसील में 186.0 मिलीमीटर, पिपरिया तहसील में 412.3 मिलीमीटर और कुकदूर तहसील में 374.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। 22 जुलाई की स्थिति में पिछले 24 घंटे में जिले में 30.7 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है, कवर्धा तहसील में 55.7 मिलीमीटर, पंडरिया तहसील में 39.3 मिलीमीटर, बोड़ला तहसील में 23.4 मिलीमीटर, सहसपुर लोहारा तहसील में 16.6 मिलीमीटर, रेंगाखार तहसील में 35.0 मिलीमीटर, कुण्डा तहसील में 22.5 मिलीमीटर, पिपरिया तहसील में 29.7 मिलीमीटर और कुकदूर तहसील में 23.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। यहां बताना लाजिमी होगा कि बीते तीन दिनो से कवर्धा सहित समूचे जिले में अभी भी रूक रूककर हल्की तेज बारिश का सिलिसला जारी है।

### एमए समाजशास्त्र पूर्व का परीक्षा परिणाम जारी

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विवि ने वार्षिक परीक्षा मार्च-अप्रैल 2026 का परिणाम जारी किया है। इसमें एमए समाजशास्त्र पूर्व वर्ष का ओवरऑल परिणाम 92 प्रतिशत व अंतिम वर्ष का 89.37 प्रतिशत रहा है। यह परिणाम विवि की वेबसाइट पर अपलोड की गई है।

# आठ वर्षीय बच्चे की नदी में डूबने से मौत, घटना स्थल से करीब सात किलो मीटर दूर दूसरे दिन मिला बच्चे का शव

- जीवलेवा साबित हो रहे अंचल के उफनते नदी नाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में बीते करीब 48 घंटे से लगतार हो रही हल्की तेज बारिश के चलते समूचे अंचल के नदी, नाले उफान पर हैं और अब प्रशासन की अनदेखी और बैरिकेंटिंग के आभाव में ये नदी नाले लोगों के लिए जीवलेवा भी साबित हो रहे हैं।

बताया जाता है कि बीते मंगलवार की दोपहर ग्राम लोखान निवासी एक 8 वर्षीय बच्चे की नदी में बहकर डूबने से मौत हो गया। मृतक बच्चे का शव बुधवार की सुबह पुलिस प्रशासन के गोताखोरों द्वारा घटना स्थल से करीब 7 किलो मीटर दूर से बरामद किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम लोखान निवासी कमलेश तिलगाम आयु 8 वर्ष मंगलवार की दोपहर अपने दोस्तों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान बच्चा कड़मा नदी पार करने लगा।

नदी में पानी का बहाव काफी तेज था जिसके कारण बच्चा पानी में बह गया। साथी दोस्तों ने जब कमलेश को नदी में बहते और डूबते देखा तो वे भागकर गांव पहुंचे और ग्रामीणों को बताया कि कमलेश नदी पार करने के चक्कर में पानी में बह गया है। इस सूचना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण नदी किनारे पहुंचे और अपने स्तर पर बच्चे की खोजबीन शुरू की। लेकिन काफी मसक्कत और प्रयासों के बावजूद उन्हें कमलेश तिलगाम नहीं मिला। इस दौरान परिजन नदी किनारे बैठकर रोते बिलकते नजर आए। बाद में परिजनो ने अपने बच्चे के नदी में डूबने की खबर कुकदुर पुलिस को दी।

सूचना पाकर कुकदुर पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची और बच्चे को खोजने के लिए गोताखोरों को नदी में उतारकर अभियान चलाया। लेकिन कई घंटों की खोजबीन के बाद भी पुलिस को सफलता नहीं मिली। अंधेरा गहराने के बाद पुलिस ने मंगलवार को अभियान रोक दिया और बुधवार की सुबह फिर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया और इस बार खोजबीन का दायरा बढ़ाया गया। जिसमें पुलिस को सफलता मिली और जिस जगह पर बच्चा डूबा था वहां से करीब 7 किलोमीटर दूर कमड़ा गांव के पास आगर नदी में बच्चे का शव मिला। परिजनों ने शव की पहचान अपने लापता बच्चे कमलेश के रुप में की।



### परिजनों को सौंपा गया शव

नदी से कमलेश का शव मिलने के बाद कुकदूर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा का आभाव

यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले में इन दिनो लगातार हो रही बारिश के कारण जिले की नदियों और नालों का जलस्तर बढ़ा हुआ है। ग्रामीण और वनांचल के नदी, नालों में बने कई रपटा और छोटी पुलियों के ऊपर से पानी बह रहा है। बावजूद लोगों द्वारा बगैर रोकटोक और बैरिकेटिंग के खतरा मोल लेकर इन्हें पार किया जा रहा है। माना जा रहा है कि ऐसे में प्रशासन को सुरक्षा के इंतजाम करने चाहिए।



# हर पात्र बालिका को मिले एचपीवी टीके का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कलेक्ट्रेट में समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय काम काज के प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर श्री वर्मा ने 14-15 वर्ष की किशोरी बालिकाओं को बच्चादानी कैंसर से बचाव के लिए लगाए जा रहे एचपीवी टीकाकरण की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि शासन से मिले लक्ष्य के अनुसार जल्द से जल्द जिले में सभी पात्र बालिकाओं के टीकाकरण का कार्य पूर्ण किया जाये। उन्होंने शिक्षा और ट्राइबल विभाग को इसके लिए विशेष रूप से उनकी संस्थाओं में प्रवेशित बालिकाओं के पालकों को जागरूक करते हुए आवश्यक सहमति प्राप्त करने और टीकाकरण में सहयोग के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि यह बालिकाओं के भविष्य को जानलेवा कैंसर जैसी बीमारी से सुरक्षित करने की दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है।

शासन द्वारा निःशुल्क यह टीका उपलब्ध कराया जा रहा है अतः इसका लाभ जिले की हर पात्र बालिका को मिलना चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को टीकाकरण अभियान की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए प्रोग्रेस रिपोर्ट देने के लिए कहा। कलेक्टर श्री वर्मा ने बैठक में पीएम आवास और जनमन के तहत चल रहे आंगनबाड़ी सहित अन्य निर्माण कार्यों की विकासखंड वार समीक्षा की। उन्होंने प्रगतिरत निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग करते हुए सभी को तय टाइमलाइन में पूरा करवाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। बैठक में उन्होंने विभागों में चल रहे निर्माण कार्यों के प्रगति की बारी बारी समीक्षा की। उन्होंने सभी निर्माण एजेंसीज से कहा कि प्रगति के साथ ही निर्माण कार्य पूर्णता की जानकारी का उल्लेख रिपोर्ट में अवश्य करें।

जिससे कार्यों की टाइमलाइन निर्धारित करते हुए कार्य पूर्णता पर फोकस किया जा सके। उन्होंने सभी अधिकारियों को कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी। कलेक्टर श्री वर्मा ने रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्यता अभियान को व्यापक स्तर पर संचालित करने के निर्देश दिये।

# जिले में विशेष ग्राम सभा 30 से

- जीपीडीपी-2026-27 के लिए कलेक्टर ने जारी किए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने 30 जुलाई 2026 को जिले की सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों में विशेष ग्राम सभा आयोजित करने के संबंध में आदेश जारी किया है।

यह विशेष ग्राम सभा 16वें वित्त आयोग अंतर्गत वर्ष 2026-27 की ग्राम पंचायत विकास योजना के निर्माण के लिए आयोजित की जाएगी। इस संबंध में पंचायत संचालनालय, छत्तीसगढ़ के निर्देशों के पालन में जिले की सभी जनपद पंचायतों एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

जारी आदेश के अनुसार, छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 की धारा-6 के तहत जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा आयोजित करने की अनुमति प्रदान की गई है। ग्राम सभा में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों की अधिकतम 15 मिनट की वीडियो रिकॉर्डिंग कर उसे ग्राम सभा निर्णय मॉड्यूल में अपलोड करना अनिवार्य होगा।

भारत सरकार के पंचायत राज मंत्रालय द्वारा ग्राम सभाओं की कार्यवाही दर्ज करने के लिए विकसित सभासार पोर्टल का उपयोग करते हुए कार्यवाही विवरण तैयार किया जाएगा। साथ ही ग्राम सभा की सभी गतिविधियों को वाईब्रेंट ग्राम सभा पोर्टल एवं जीपीडीपी पोर्टल पर शत-प्रतिशत समयबद्ध रूप से अपलोड करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, जनपद पंचायतों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा के आयोजन के लिए समय-सारिणी तैयार करें तथा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना की कार्यवाही निर्धारित समय-सीमा में ऑनलाइन अपलोड कराना सुनिश्चित करें। आदेश तत्काल

# प्रधानमंत्री जनमन योजना से बदली वनांचल की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कभी बरसात के दिनों में कीचड़ और दुर्गम रास्तों से जूझने वाले कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र के ग्रामीण आज पक्की सड़क पर सुरक्षित और सुगम आवागमन का लाभ ले रहे हैं।

प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत वनांचल क्षेत्रों में सड़क निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है, जिससे दूरस्थ गांव विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) विभाग द्वारा कबीरधाम जिले के कवर्धा विधानसभा अंतर्गत ग्राम बांटीपथरा से पढ़ियाधरान तक लगभग 3 किलोमीटर लंबी पक्की सड़क का निर्माण 143.82 लाख रुपये की लागत से किया गया है।

इस सड़क से जुड़े ग्राम में लगभग 135 बसाहटें हैं, जिन्हें अब वर्षभर सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो गई है। सड़क निर्माण से ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार एवं अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंच आसान हुई है।

इस सड़क के निर्माण से वर्षों पुरानी आवागमन की समस्या का समाधान हुआ है और ग्रामीणों का जीवन पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान हो गया है।

**छात्र-युवाओं पर लाठीचार्ज और विपक्ष की आवाज दबाने के विरोध में जमकर प्रदर्शन**

# कांग्रेसियों ने पीएम का पुतला फूंककर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम द्वारा जिला अध्यक्ष नवीन जायसवाल के नेतृत्व में बुधवार को जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित सिग्नल चौक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर केन्द्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार छात्र युवा विरोधी नीतियों एवं विपक्ष की आवाज दबाने के विरोध में जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच तीखी झूमाझटकी भी हुई। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि जंतर मंतर में शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन कर रहे छात्रों, युवाओं पर लाठीचार्ज करना लोकतंत्र पर सीधा हमला है।

उन्होंने कहा कि संसद में विपक्ष द्वारा छात्रों और युवाओं से जुड़े गंभीर मुद्दों पर चर्चा की मांग किए जाने के बावजूद सदन की कार्यवाही बार-बार बाधित की जा रही है, जिससे यह स्पष्ट है कि केन्द्र सरकार जनता के सवालों से भाग रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सांसद प्रियंक गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं को शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार करना लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। नवीन जायसवाल ने आरोप लगाया कि पिछले 12 वर्षों में देशभर में 155 से अधिक पेपर लीक की घटनाएं सामने आई हैं जिससे लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। बार-बार हो रही इन घटनाओं से निराश होकर कई युवा मानसिक तनाव का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार समाधान निकालने के बजाय आंदोलनरत छात्रों पर बल प्रयोग कर तानाशाही रवैया अपना रही है।

उन्होंने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वालों को देशद्रोही बताने की प्रवृत्ति लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। कांग्रेस पार्टी छात्रों, युवाओं, किसानों, महिलाओं और आम जनता की आवाज को दबने नहीं देगी तथा सदन से लेकर सड़क तक संघर्ष जारी रखेगी। कार्यक्रम में प्रमुखरूप से ब्लॉक अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी, ब्लॉक अध्यक्ष सौखी साहू, ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम साहू, चेतन वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष प्रभाती मरकाम, जिला महामंत्री बृजेश चंद्रवंशी, कृष्णा कन्नू आमदे, दिनेश कोसरिया, शिवप्रसाद वर्मा, प्रशांत परिहार, आकाश केशवानी, मेहुल सत्यवंशी, वाल्मीकि वर्मा, अमन वर्मा, वैभव ठाकुर, तुषार वर्मा, आशीष साहू सुजल ठाकुर रूपेश साहू, रामनारायण, अजीत साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे।



### केन्द्र की मोदी सरकार छात्र एवं युवा विरोधी: शहर अध्यक्ष अशोक सिंह

शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक सिंह ठाकुर ने कहा कि केन्द्र सरकार छात्र एवं युवा विरोधी नीतियों पर काम कर रही है। युवाओं को रोजगार, पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था और सुरक्षित भविष्य देने में सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सीमा अनंत ने कहा कि देश में महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं हैं। शांतिपूर्ण आंदोलन के दौरान छात्राओं और महिला प्रदर्शनकारियों के साथ कथित दुर्व्यवहार एवं बल प्रयोग निंदनीय है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अपनी बात रखने का अधिकार सभी नागरिकों को है और उसका सम्मान किया जाना चाहिए। जिला महामंत्री गोपाल चंद्रवंशी ने कहा कि विपक्षी नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों के साथ पुलिस का व्यवहार अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी और जनता की आवाज को दबाने के हर प्रयास का पुरजोर विरोध करेगी।

# इंडोर बैडमिंटन मैदान की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगर पंचायत के स्थापना के समय से ही खेल प्रेमियों की मांग थीं कि नगर में इंडोर बैडमिंटन मैदान की स्थापना हो ताकि नगर के बच्चों एवं खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिल सके। वर्षो पुरानी इस मांग को नवनियुक्त नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता संतोष मिश्रा ने पूरा करते हुए नगर के खिलाड़ियों को बहुत बड़ी सुविधा प्रदान कर दी। अध्यक्ष मिश्रा ने नगर के वार्ड क्रमांक 10 में स्थित अम्बेडकर भवन को अस्थाई व्यवस्था के तहत बैडमिंटन खेलने के लिए प्रदान कर दी। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह चन्द्रवंशी, टीआई एवं बैडमिंटन क्लब के संरक्षक मनीष मिश्रा, पार्षद आशा पटवा, शिवचरण पटेल एवं नागरिक उपस्थित थे।